









## शासकीय दायित्वों के निर्वहन में पारदर्शिता-जवाबदेही के निर्देश

▸ कलेक्टर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समय-सीमा बैठक

**बड़वानी, ( नवभारत )।** कलेक्टर जयति सिंह की अध्यक्षता में सोमवार कलेक्टोरेट सभागृह में समय-सीमा और अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक में कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारियों को सौंपे गए शासकीय दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेहिता के साथ करें।

### बैठक में दिए मुख्य निर्देश

जल संचय जन भागीदारी एवं जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के कार्य।

अभियान के तहत प्रगतिरत कार्यों, विशेषकर तालाब गहरीकरण, बोरी बंधान, हैण्डपम्प रिचार्ज और सीएसआर के तहत जल संरक्षण के कार्यों की समीक्षा कर कलेक्टर ने सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पेयजल व्यवस्था के लिए पीएचई विभाग को निर्देशित किया गया कि पाटी क्षेत्र जैसे दुर्गम इलाकों में क्रॉलर मशीन के माध्यम से पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने सर्वेक्षण कर लक्ष्य में आवश्यक बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए ताकि गर्मी में पेयजल संकट न हो।

कृषि एवं उपार्जन प्रबंधन के लिए सम्बंधित विभागों को उपार्जन केंद्रों से गेहूं का उठाव तत्काल करने तथा चना एवं मक्का खरीदी का भुगतान समय-सीमा में सुनिश्चित करने निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त एसडीएम को नियमित रूप से मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग को आगामी फसलों के लिए उर्वरक का अग्रिम उठाव सुनिश्चित कराए और किसानों को बोनी के लिए पर्याप्त बीज उपलब्धता के निर्देश दिए गए।

राजस्व विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सिंह ने नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे मामलों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश दिए गए। पीएम किसान योजना, स्वामित्व योजना और फार्मर आईडी के तहत शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि हितग्राहियों को लाभ मिल सके।

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत मातृ-शिशु मृत्यु दर पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कलेक्टर सिंह ने निर्देशित किया कि कम वजन वाली गर्भवती महिलाओं का चिह्नांकन एलेन सी पंजीयन के साथ ही कर ले। साथ ही उनकी कम से कम 4 एएनसी जांच सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत आवश्यक पोषण वितरण एवं घर-घर जाकर काउंसलिंग करने के निर्देश दिए। लो बर्थ वेट बच्चों की प्रापर ट्रैकिंग करने और एनआरसी से लौटने के बाद भी सुधार न दिखने वाले बच्चों के लिए आरबीएसके टीम के साथ सघन अभियान चलाने पर जोर दिया जाए।

शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्कूलों में नए सत्र के लिए बच्चों के नामांकन, पुस्तक वितरण, यूनिफॉर्म और साईकिल वितरण की समीक्षा की गई और इसे समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। पेंशन योजना अंतर्गत संबल, सिकल सेल और वृद्धावस्था पेंशन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के लिए श्रम विभाग को निर्देशित किया गया।

### बैठक के दौरान यह रहे उपस्थित

बैठक में जिला पंचायत सीईओ काजल जावला, सहायक कलेक्टर माधव अग्रवाल, अपर कलेक्टर सोहन कनाश, संयुक्त कलेक्टर रवि वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अनुविभागीय एवं विकासखण्ड स्तर से समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक में मौजूद रहे।

## अग्रलवाल समाज का चुनाव कार्यक्रम घोषित

**सेंधवा, ( नवभारत )।** अग्रवाल समाज की नई कार्यकारणी के गठन के लिए निर्वाचन समिति द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। साथ ही समाज की मतदाता सूची का दावा-आपत्ति के बाद अंतिम प्रकाशन भी सोमवार शाम 4 बजे श्री सत्यनारायण मंदिर पर किया गया। निर्वाचन समिति के सदस्य सुनील अग्रवाल एवं हेमंत गर्ग ने बताया कि कार्यकारणी के गठन के लिए निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई जा रही है, इसके लिए आचार संहिता लागू कर दी गई है।

निर्वाचन समिति द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार अध्यक्ष एवं सचिव पद के लिए नामांकन पत्र 14 मई से 16 मई तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 17 मई को की जाएगी तथा वैध नामांकन पत्रों की सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद 18 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक नाम वापस लेने की प्रक्रिया संपन्न होगी तथा शेष उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

निर्वाचन समिति के अनुसार मतदान 26 मई को लायंस कम्यूनिटी हॉल, किले के अंदर आयोजित किया जाएगा। मतदान का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। मतदान समाप्ति के पश्चात दोपहर 4 बजे मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।



### समिति के पास सुरक्षित रहेगा कार्यक्रम में संशोधन का अधिकार

समिति ने यह भी बताया कि मतदान प्रक्रिया में इस बार नोटा का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा। इसके अतिरिक्त डाक मतपत्र की व्यवस्था भी की गई है, जिसका उपयोग मतदान के एक दिन पूर्व तक किया जा सकेगा। निर्वाचन संबंधित कार्यक्रम व आचार संहिता के नियम के पत्रक प्रत्येक समाज बंधुओं के घर भिजवाए जाएंगे। ताकि सभी को निर्वाचन के नियम व जानकारी में रहे। निर्वाचन समिति ने स्पष्ट किया कि आवश्यकतानुसार चुनाव कार्यक्रम में संशोधन करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

### लागू की गई है आचार संहिता

निर्वाचन समिति के पीरचंद मित्तल, अजय मित्तल, गोपाल तायल ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी एवं अनुशासित बनाए रखने के लिए आचार संहिता लागू की गई है, जिसमें 27 बिंदुओं के नियम निर्धारित किए गए हैं। सभी प्रत्याशियों एवं मतदाताओं को इन नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। चुनाव में फिजूलखर्ची पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है तथा प्रत्याशियों के लिए अधिकतम चुनाव खर्च सीमा 5000 रुपए निर्धारित की गई है।

## ग्रामीण थाना प्रभारी को मिला अवार्ड

**सेंधवा, ( नवभारत )।** केएफ रुस्तमजी पुरस्कार (रुस्तम जी पिस्टल अवॉर्ड) मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस विभाग के 101 बहादुर और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। जिसमें से 7 पुलिस अधिकारियों को परम विशिष्ट श्रेणी का अवॉर्ड दिया गया है।




थाना प्रभारी थाना सेंधवा ग्रामीण ओपी चोंगडे को उनकी वीरता और उत्कृष्ट सेवा के लिए परम विशिष्ट श्रेणी का केएफ रुस्तम जी अवॉर्ड मिलने पर स्टॉफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## कलेक्टर ने बढ़ाया उत्साह



▸ 12 मई को होगा रोजगार मेले का आयोजन

**बड़वानी, (नवभारत)।** जिला प्रशासन द्वारा शिक्षित युवाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर जयति सिंह ने युवा संगम रोजगार मेले के माध्यम से चयनित हुए सफल आवेदकों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने युवाओं के संघर्ष से लेकर चयन तक के सफर की जानकारी ली और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर सिंह ने कहा कि युवाओं का निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन उनके कौशल और कड़ी मेहनत का परिणाम है। निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों प्रतिभा सिन्टेक्स, एलआईसी बीमा सखी, महिमा फायबर्स प्रायवेट लिमिटेड, न्यू झील फैशन, आयशर एवं अन्य क्षेत्र में कार्यरत युवा सम्मिलित हुए। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले का हर हाथ काम से जुड़े। 12 मई को रोजगार मेले का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शभीशा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में होगा।

## काउसंलर - विशेषज्ञों से आवेदन आमंत्रित

**बड़वानी।** कॅरियर काउंसिलिंग योजनांतर्गत मार्गदर्शन देने अनुभवी काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञों के गेस्ट पैनल के गठन के लिए जिला रोजगार कार्यालय में वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। नामांकित काउंसलरों को निर्धारित दिवसों में काउंसिलिंग के लिए हाईस्कूल/हायर सेकेंडरी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक मार्गदर्शन देने के लिए आमंत्रित किया जाएगा एवं मनोवैज्ञानिक/विषय-विशेषज्ञ को काउंसिलिंग पूर्ण दिवस का 1 हजार रूपए मानदेय दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी टीएस डूडवे ने बताया कि इच्छुक आवेदक 22 मई तक आवेदन पत्र जिला रोजगार कार्यालय में जमा कर सकते हैं। मनोवैज्ञानिक काउंसलर के लिए अनिवार्य योग्यता साइकोलाजी में स्नातकोत्तर डिग्री या पीजी डिप्लोमा होना चाहिए।

## एक नजर में

### आलीराजपुर पुलिस का सघन अभियान, 2352 के बनाए चालान, 9 .88 लाख जुर्माना वसूला

**आलीराजपुर।** सड़क सुरक्षा के लिए आलीराजपुर पुलिस ने विशेष हेलमेट एवं ओवरलोडिंग विरुद्ध अभियान चलाया। भोपाल मुख्यालय के निर्देश पर जिले भर में चेकिंग तेज। अभियान में 827 वाहनों की जांच कर कुल 2352 चालान काटे गए। इनमें 1204 बिना हेलमेट, 254 लाइसेंस निलंबन, 256 ओवरलोड चारपहिया, 107 मॉडिफाइड, 57 बिना बीमा, 15 बिना लाइसेंस, 12 फिटनेस उल्लंघन, 2 प्रदूषण तथा 445 अन्य तकनीकी कारण शामिल। समनशुल्क से 9,88,400 रुपये वसूले। अवैध कैरियर हटवाए गए। बार-बार उल्लंघन पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित। ग्रामीण मालवाहकों व श्रमिक वाहनों पर पैनी नजर। अभियान जारी। पुलिस ने कहा- नियमों को संस्कार बनाएं। हेलमेट पहनें, सीटबेल्ट बांधें, ओवरलोडिंग न करें। सावधानी ही परिवार की मुस्कान है।

### अग्नि दुर्घटना पीड़ित कृषक को 1 .25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**आलीराजपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चन्द्रशेखर आजाद नगर द्वारा ग्राम बरझर, तहसील चन्द्रशेखर आजाद नगर निवासी कृषक सोमला पिता पूंजिया को अग्नि दुर्घटना से हुए नुकसान पर आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। अनुविभाग चंद्रशेखर आजाद नगर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्री सोमला के मकान में आग लगने से उनका मकान, खाद्यान्न, बर्तन एवं कपड़े पूरी तरह नष्ट हो गए थे। घटना के बाद राजस्व विभाग द्वारा प्रकरण का परीक्षण किया गया। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के तहत पीड़ित कृषक को एक लाख पच्चीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। यह सहायता राशि शीघ्र ही सोमला को प्रदान की जाएगी।

### आंगनवाड़ी निरीक्षण में मिली अनियमितताएं कार्यकर्ता मिली अनुपस्थित




**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर द्वारा जिले के सभी अधिकारियों को समय-समय पर आंगनवाड़ियों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आंगनवाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन एवं सुधार सुनिश्चित किया जा सके। इसी क्रम में आज चंद्रशेखर आजाद नगर की अनुविभागीय अधिकारी दीपिका पाटीदार ने आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र मेंढा फलिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित पाई गई, जबकि केंद्र पर केवल सहायिका उपस्थित थी। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि आंगनवाड़ी केंद्र के उपस्थिति रजिस्टर में 20 बच्चों की उपस्थिति दर्ज थी, लेकिन निरीक्षण के समय केंद्र पर एक भी बच्चा मौजूद नहीं था। इस स्थिति को लेकर अधिकारियों ने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।

## सनातन धर्म के इतने बड़े आयोजन करवाने को लेकर मैं जैन को साधुवाद देता हूं : पं .कमल किशोर नागर

**मेघनगर।** सिर के नीचे जो तकिया लगाते हो उसे भगवत चरण समझो...हर कर्म को पूजा की तरह करो। जैसे बचपन में हम माँ की उंगली पकड़कर चलते हैं, वैसे ही हमें जवानी में भी किसी संत या महात्मा की उंगली पकड़ लेना चाहिए। मतलब उनका सानिध्य प्राप्त कर उनके बताए का अनुसरण करना चाहिए। तभी मौत के समय परमात्मा हमारी उँगली पकड़ता है। कभी भी हमको माता पिता गुरु और गोविंद की नजरों से नही गिरना चाहिए....बहु को सांस की नजरों से नही गिरना चाहिए हर परिस्थिति में उसकी सेवा करना चाहिए।

पिता कितना भी पुत्र को डांटे पुत्र को उसके सामने कभी नहीं बोलना चाहिए। पिता की डांट को धैर्य के साथ सुनना चाहिए, क्योंकि पिता की डांट में हमेशा पुत्र के लिए दया का भाव होता है जैसे ईश्वर का अपने भक्तों की प्रति होता है जैसे हम किसी संत के पैर छूते हैं भगवान के दर्शन करते हैं तो हम कहते हैं कि आपकी दया दृष्टि बनी रहे यही दया दृष्टि पिता की डांट में होती है। अपनी कथा के दूसरे दिन उक्त प्रमुख बातें मालवा की माटी के संत पंडित कमल किशोर नागर ने श्रीमद् भागवत कथा के दौरान फुटतालाब में कही उन्होंने विशेष रूप से यह बात कही कि सुरेश चंद्र पूरणमल जैन जैन समाज के होकर भी सनातन धर्म के लिए इतनी बड़ी कथाएं और धार्मिक आयोजन करते हैं मैं इनको साधुवाद देता हूं....मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री वनेश्वर मारुति नंदन हनुमान मंदिर पर पँडित कमल किशोर नागर जी के मुखारविंद से चल रही श्रीमद् भागवत कथा में विशेषकर ग्रामीण अंचलों से भारी संख्या में महिलाएँ पहुँच रही है कथा में जिले के थांदला रायपुरिया परवलिया रंभापुर खच्चर तोडी सजेली अगराल राणापुर और आलीराजपुर से लोग मालवा की माटी के संत का सानिध्य पा कर भक्ति भाव से ओतप्रोत दिखाई दे रहे हैं । कथा के समापन पर सजेली गांव के लोगों ने महाराज से मिलकर आशीर्वाद लिया शुभ कर्म करने का संकल्प लिया।



कथा समापन पर समाजसेवी सुरेश चंद्र पूरनमल जैन परिवार सहित भगवत पुराण की आरती की। आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य समाजसेवी सुरेश चंद्र पूरणमल जैन सीमा सुरेश जैन युवा समाजसेवी राजेश रिंकू जैन नीता राजेश जैन जैकी जैन पूर्वा जैन पूजा जैन अंकित जैन अंतिम बाला जैन के साथ हार्दिक कोठारी और आयोजन समिति के सभी सदस्यों के साथ मंदिर के महंत श्री दिलीप दास जी महाराज ने विशेष रूप से श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करने के लिए फुटतालाब आने का विनम्र आग्रह किया है सभी ने अपील की है की श्रीमद् भागवत कथा के पश्चात प्रतिदिन हो रहे भंडारे में भी सभी लोग पहुंचे और प्रसादी का लाभ लें कथा में पहुंचने के लिए प्रमुख जगहों से बसों की निशुल्क व्यवस्था भी की गई है।



## माहेश्वरी महिला संगठनों की शपथ विधि सम्पन्न समाज हित में कार्य और समर्पण का संकल्प

**आलीराजपुर।** माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी महिला जिला संगठन आलीराजपुर एवं माहेश्वरी महिला मण्डल आलीराजपुर की शपथ विधि समारोह भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीणा सोमानी (उज्जैन) ने महिलाओं व पदाधिकारियों को समाज हित में बढ़-चढ़कर कार्य करने का आह्वान किया। मंच पर पूर्व प्रदेश समिति संयोजक आरती सोडाणी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष शकुंतला कोठारी, जिलाध्यक्ष अनिता कोठारी, सचिव ज्योति कोठारी सहित अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

माहेश्वरी महिला जिला संगठन की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों, अध्यक्ष ज्योति कोठारी, उपाध्यक्ष प्रीति मंत्री व मोना मालानी खट्टाली, सचिव जयश्री सोमानी, सहसचिव रमिला कोठारी, संगठन मंत्री उषा थेपर्?या, प्रचार मंत्री रेखा लड्ढा खट्टाली, सांस्कृतिक मंत्री सोनम परवाल खट्टाली, कोषाध्यक्ष आशा सोमानी ने शपथ ग्रहण कर ईमानदारी, निष्ठा व तन-मन-धन से समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। इसी क्रम में माहेश्वरी महिला मण्डल आलीराजपुर की पदाधिकारियों अध्यक्ष रेणु कोठारी, उपाध्यक्ष पूजा थेपड़िया, सचिव बबली परवाल, सह-सचिव सुलोचना बे?या, संगठन मंत्री संगीता थेपड़िया, कोषाध्यक्ष नेहा सोमानी, सह-कोषाध्यक्ष अंतिम मोदी, मीडिया प्रभारी अर्चना अगाल ने भी समाज हित में निरंतर कार्य करने की प्रतिज्ञा ली। समारोह में आलीराजपुर नगर व जिले की बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां उपस्थित रहीं। सभी नव पदाधिकारियों को जिला माहेश्वरी समाज, नगर माहेश्वरी समाज, महिला मण्डलों व माहेश्वरी वधु मण्डल के सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दीं। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने दी।

## मेघनगर में चोरों का आंतक, सकल व्यापारी संघ ने विरोध में निकाला जुलूस





**मेघनगर।** इन दिनों शहर पुलिस का कोई खौफ नहीं है। इसके चलते एक के बाद एक लगातार बंद घरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात होना है। पुलिस कि सक्रियता का आलम यह है कि शहर के व्यापारी संघ और जैन समाज को सामूहिक रूप से इन चोरी की वारदातों के खिलाफ लामबंद्ध होना पड़ रहा है। पिछले दिनों स्टेशनरी कारोबारी सुरेंद्र कटारिया, फिर तापेष जैन और बीती रात महावरी भवन के पास गौरव भंडारी के निवास पर लाखों की चोरी होना पुलिस सक्रियता पर गंभीर सवालिया निषान उठाने के लिए काफी है। शनिवार शाम 6 बजे अपने पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए परिवार सहित इंदौर गए गौरव भंडारी के महावीर भवन के पास निवास पर रविवार रात शाम 7 से सा? 9 बजे के बीच चोरी की वारदात हो गई। पी?ित गौरव ने बताया कि चोरों ने घर में रखी 35 हजार की नकदी, करीब साढ़े 4 तौला सोने और 500 ग्राम के करीब चांदी की रकम चुरा ली। गौरव को घटना की जानकारी अपने एक मित्र के माध्यम से रविवार रात को मिली तो वें इंदौर से रात 2 बजे मेघनगर पहुँचे। वारदात की सूचना गौरव के मित्रों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने घर का बारिकी से मुआयना किया। आसपास की दुकानों और मकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। पी?ित ने बताया कि उसके पास जो भी पूंजी थी वह चोरी हो गई जिससे उसका ब?ा आर्थिक नुकसान हो गया।

### व्यापारी संघ में नाराजगी

मेघनगर में हो रही चोरी की वारदातों के बाद आखिरकार पुलिस प्रशासन के खिलाफ लोगों का आक्रोश सड़क पर आ गया। सोमवार को आजाद चैक से विरोध स्वरूप मार्च निकाला गया जो पुलिस थाने पर पहुँचा जहां पुलिस अधिकारियों से चोरी की वारदातों में शामिल अपराधियों को पकड़ने, संध्या और रात्रि गश्त में मुस्तैदी रखने के साथ शहर में सक्रियता बढ़ाने की बाते कहीं गई। थांदला एसडीओपी सहित थाना प्रभारी ने व्यापारियों को आष्वासन दिया है कि जल्द पुलिस चोरों को पकड़ने में सफल होगी। इस दौरान ब?ी संख्या में व्यापारियों ने एसडीओपी से शहर में पुलिस व्यवस्था में सुधार की मांग की